# सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२६-२०२७**

| कक्षा:पाँचवीं | विषय: हिंदी | पाठ: |
|---|---|---|

**रुपये मँगवाने के लिए पिता जी को पत्र**

**रामनगर छात्रावास**

**नई दिल्ली**

**23/03/20.....**

**आदरणीय पिता जी,**

**सादर चरण स्पर्श**

**आपका पत्र प्राप्त हुआ। घर पर सभी सकुशल हैं यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। आपको यह जानकर खुशी होगी कि मेरा अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम आ गया है। मैंने 98% अंक प्राप्त करके कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुझे कुछ पुस्तकें और कॉपियाँ खरीदनी हैं। अतः आपसे अनुरोध है कि मुझे मनीऑर्डर द्वारा एक हज़ार रुपये शीघ्र ही भेजने की व्यवस्था कर दें।**

**माँ को चरण स्पर्श और रिया को प्यार**

**आपका पुत्र/आपकी पुत्री**